# CUH shines in Stanford University's Top 2% Scientists List for 2024

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 19-09-2024**

# हकेंवि के 12 शिक्षक विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के 12 फैकल्टी सदस्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए (संयुक्त राज्य अमेरिका) की ओर से जारी 2024 की विश्व की शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए हैं।

हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सभी संकाय सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अवश्य ही उनकी यह सफलता अन्य सहयोगियों के लिए भी प्रेरणा का माध्यम बनेगी। विश्वविद्यालय इस दिशा में अनुसंधान व विभिन्न परियोजनाओं के स्तर पर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है।

विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उन्नत अनुसंधान और शैक्षणिक उत्कृष्टता के बढ़ते मानकों को रेखांकित करती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि यह सफलता दर्शाती है कि विवि विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) ने भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना की। गत वर्ष विश्वविद्यालय के नौ फैकल्टी सदस्य इस सूची में थे जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

### हकेंवि के यह वैज्ञानिक हैं सूची में शामिल

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए द्वारा जारी शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. नितिन गोयल, डॉ. रूपेश देशमुख, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. स्मिता एस. कुमार, डॉ. आकाश सक्सेना, डॉ. मनीषा पांडेय, डॉ. हुमीरा सोनाह, डॉ. पवन कुमार मौर्य, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. अंशु शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, और डॉ. फूल सिंह के नाम शामिल है। सभी संकाय सदस्यों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर को उनके निरंतर मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव और कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार को भी अनुसंधान के प्रति उनके प्रोत्साहन और प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट किया।

**स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए की ओर से जारी की गई है शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची**

**9** फैकल्टी सदस्य इस सूची में थे गत वर्ष

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 19-09-2024**

# हकेंवि के 12 शिक्षक विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों सूची में शामिल

**महेंद्रगढ़ |** हकेंवि के 12 संकाय सदस्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए द्वारा जारी 2024 की विश्व की शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सभी संकाय सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए द्वारा जारी शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में हकेंवि के डॉ. नितिन गोयल, डॉ. रूपेश देशमुख, डॉ. बिजेंदर सिंह, डॉ. स्मिता एस. कुमार, डॉ. आकाश सक्सेना, डॉ. मनीषा पांडेय, डॉ. हुमीरा सोनाह, डॉ. पवन कुमार मौर्य, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. अंशु शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, और डॉ. फूल सिंह के नाम शामिल है। सभी संकाय सदस्यों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव और कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार को अनुसंधान के प्रति उनके प्रोत्साहन व प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 19-09-2024**

## हकेंवि के 12 शिक्षक शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में

**संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के 12 संकाय सदस्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए द्वारा जारी 2024 की विश्व की शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सभी संकाय सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अवश्य ही उनकी यह सफलता अन्य सहयोगियों के लिए भी प्रेरणा का माध्यम बनेगी। विश्वविद्यालय इस दिशा में अनुसंधान व विभिन्न परियोजनाओं के स्तर पर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए द्वारा जारी शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डा. नितिन गोयल, डा. रूपेश देशमुख, डा. बिजेंदर सिंह, डा. स्मिता एस. कुमार, डा. आकाश सक्सेना, डा. मनीषा पांडेय, डा. हुमीरा सोनाह, डा. पवन कुमार मौर्य, डा. हरीश कुमार, डा. अंशु शर्मा, डा. दिनेश कुमार, और डा. फूल सिंह के नाम शामिल है। सभी संकाय सदस्यों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर को उनके निरंतर मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उन्नत अनुसंधान और शैक्षणिक उत्कृष्टता के बढ़ते मानकों को रेखांकित करती है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 19-09-2024**

# हकेंवि के 12 शिक्षक विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 12 संकाय सदस्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी व एल्सेवियर यूएसए की ओर से जारी 2024 की विश्व की शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सभी संकाय सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि अवश्य ही उनकी यह सफलता अन्य सहयोगियों के लिए भी प्रेरणा का माध्यम बनेगी। विश्वविद्यालय इस दिशा में अनुसंधान व विभिन्न परियोजनाओं के स्तर पर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर यूएसए की ओर से जारी शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. नितिन गोयल, डॉ. रूपेश देशमुख, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. स्मिता एस कुमार, डॉ. आकाश सक्सेना, डॉ. मनीषा पांडेय, डॉ. हुमीरा सोनाह, डॉ. पवन कुमार मौर्य, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. अंशु शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार व डॉ. फूल सिंह के नाम शामिल है। सभी संकाय सदस्यों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर को उनके निरंतर मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

साथ ही विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार को भी अनुसंधान के प्रति उनके प्रोत्साहन और प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट किया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उन्नत अनुसंधान व शैक्षणिक उत्कृष्टता के बढ़ते मानकों को रेखांकित करती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि यह सफलता दर्शाती है कि विश्वविद्यालय विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) ने भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना की और बताया कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय के नौ फैकल्टी सदस्य इस सूची में थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: India News Calling** **Date: 19-09-2024**

## CUH shines in Stanford University's Top 2% Scientists List for 2024

September 18, 2024 12:20 PM




| authfull | inst_name | rank (ns) |
|---|---|---|
| Deshmukh, Rupesh | Central University of Haryana | 53,119 |
| Singh, Bijender | Central University of Haryana | 71,502 |
| Kumar, Smita S. | Central University of Haryana | 84,059 |
| Saxena, Akash | Central University of Haryana | 88,965 |
| Pandey, Manisha | Central University of Haryana | 116,539 |
| Sonah, Humira | Central University of Haryana | 121,171 |
| Goyal, Nitin | Central University of Haryana | 139,656 |
| Maurya, Pawan Kumar | Central University of Haryana | 165,004 |
| Kumar, Harish | Central University of Haryana | 217,562 |
| Sharma, Anshu | Central University of Haryana | 225,104 |
| Kumar, Dinesh | Central University of Haryana | 273,539 |
| Singh, Phool | Central University of Haryana | 765,934 |



MAHENDERGARH, 18.09.24-12 Faculty members from Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh have been named in the prestigious World's Top 2% Scientist list for 2024, released by Stanford University and Elsevier, USA. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the University, congratulated all the faculty members for this achievement and said that their success will certainly become a source of inspiration for other colleagues as well. The University is ready to provide all possible support at the level of research and various projects in this direction.

Prof. Sushma Yadav, Pro Vice-Chancellor and Prof. Suneel Kumar, Registrar shared their heartfelt congratulations with the researchers and reaffirmed their pledge to provide continued support to all future research initiatives at the institution. The Internal Quality Assurance Cell (IQAC) also noted a significant achievement: last year, nine faculty members were included in the list, while this year, the number has risen to twelve. This remarkable achievement underscores Central University of Haryana's growing reputation as a hub for cutting-edge research and academic excellence.

The list of top two percent scientists released by Stanford University and Elsevier, USA includes the names of Dr. Nitin Goyal, Dr. Rupesh Deshmukh, Dr. Bijender Singh, Dr. Smita S. Kumar, Dr. Akash Saxena, Dr. Manisha Pandey, Dr. Humeera Sonah, Dr. Pawan Kumar Maurya, Dr. Harish Kumar, Dr. Anshu Sharma, Dr. Dinesh Kumar, and Dr. Phool Singh from Central University of Haryana. All the faculty members expressed their profound gratitude to the Honorable Vice Chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar, for his unwavering support and provision of top-tier research facilities within the University premises. They also extended thanks to Pro Vice Chancellor, Prof. Sushma Yadav, and Registrar, Prof. Suneel Kumar, for their encouragement and commitment to fostering a strong research culture at the university.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 19-09-2024**

## 12 टीचर विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में

महेंद्रगढ़, 18 सितम्बर (मोहन,परमजीत) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के 12 संकाय सदस्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए द्वारा जारी 2024 की विश्व की शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सभी संकाय सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि अवश्य ही उनकी यह सफलता अन्य सहयोगियों के लिए भी प्रेरणा का माध्यम बनेगी। विश्वविद्यालय इस दिशा मंव अनुसंधान व विभिन्न परियोजनाओं के स्तर पर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर, यूएसए द्वारा जारी शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. नितिन गोयल, डॉ. रूपेश देशमुख, डॉ. बिजेंदर सिंह, डॉ. स्मिता एस. कुमार, डॉ. आकाश सक्सेना, डॉ. मनीषा पांडेय, डॉ. हुमीरा सोनाह, डॉ. पवन कुमार मौर्य, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. अंशु शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, और डॉ. फूल सिंह के नाम शामिल है। सभी संकाय सदस्यों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर को उनके निरंतर मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव और कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार को भी अनुसंधान के प्रति उनके प्रोत्साहन और प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट किया।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उन्नत अनुसंधान और शैक्षणिक उत्कृष्टता के बढ़ते मानकों को रेखांकित करती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि यह सफलता दर्शाती है कि विश्वविद्यालय विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) ने भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना की और बताया कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय के 9 फैकल्टी सदस्य इस सूची में थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

नवोदय टाइम्स
Thu,19 September 2024
Edition: rewari mahendergarh times, Page no. 4